किसी आयात-निर्यात करार को अन्तिम रूप देने के लिये कोई गम्भीर प्रयत्न किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो उस बारे में किस प्रकार के प्रयत्न किये जा रहे हैं और उनका परिणाम क्या है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) तथा (ख) भारत तथा फ्रांस के मध्य व्यापारिक सम्बन्ध, 1659 के भारत-फ्रांस व्यापार करार के अनुसार चलते हैं जिसका वार्षिक संलेखों द्वारा नवीकरण किया जाता है और जिसमें व्यापार के विस्तार के लिये समुचित उपायों की व्यवस्था है। समय समय पर होने वाली वार्ताओं में, जो भारत-फ्रांस संयुक्त आयोग की व्यवस्था के माध्यम से की जाती हैं, फ्रांस के बाजार में आयात को उदार बनवाने, पारिमाणिक प्रतिबंधों के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के आयात कोटे में वृद्धि करवाने के प्रयत्न करके और अन्य विविध उपायों के द्वारा व्यापार के स्तर को समुन्नत बनाने के भरसक प्रयत्न किये जाते हैं।

द्विपक्षीय रूप में कार्यवाही करने के अतिरिक्त यूरोपीय आर्थिक समुदाय के, जिसका फ्रांस सदस्य है, प्रतिनिधियों के राजनयिक स्तर पर विचार-विमर्श के माध्यम से उपायों को और बढ़ाने का विचार है जिससे फ्रांस के बाजार के साथ साथ समुदाय के अन्य देशों के बाजारों में भी भारतीय उत्पादों का प्रवेश सुनिश्चित हो जाये ।

रेलवे कर्मचारियों की सांकेतिक हड़ताल

***1758. श्री शिवकुमार शास्त्री :**
श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समाचारपत्रों में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर उनका ध्यान दिलाया गया है कि रेलवे कर्मचारियों ने आगामी सितम्बर में सांकेतिक हड़ताल करने की घोषणा की है ;

(ख) इन कर्मचारियों की मुख्य मांगें क्या हैं ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां, भारतीय रेल कर्मचारियों के राष्ट्रीय संघ ने 29-7-67 को अपनी कार्य कारिणी समिति की बैठक में एक प्रस्ताव पास कर यह निश्चय किया है कि सभी रेल कर्मचारी 11-9-67 को 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटे के लिए सभी भारतीय रेलों पर एक साथ काम बन्द कर दें ।

(ख) रिपोर्ट मिली है कि काम बन्द करने का प्रस्ताव महंगाई भत्ते पर गजेन्द्र गडकर आयोग की सिफारिशें लागू न करने पर विरोध प्रकट करने के लिए संकेत स्वरूप है ।

(ग) जैसा कि 21-7-67 के तारांकित प्रश्न 1294 के उत्तर में पहले भी बाताया जा चुका है, गजेन्द्र गडकर आयोग की रिपोर्ट सरकार के विचाराधीन है और हाल ही में राज्यों के मुख्य मंत्रियों के साथ उस पर विचार विनिमय किया जा चुका है । आशा है, निकट भविष्य में इस पर निर्णय कर लिया जायेगा जो रेल कर्मचारियों पर भी समान रूप से लागू होगा ।

Summer Uniforms for Ticket Checking Staff

***1759. Shri Kashi Nath Pandey:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether Government have recently changed the summer uniform for Ticket Checking Staff on the Railways from white to khaki;